## सार-समाचार

### निःशक्तजनों के लिए शिविर आज से

**बालोतरा, (निसं)।** श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशक्तजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया कि ट्रस्ट व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से विशाल निशक्तजन शिविर का आयोजन 2 से 4 मार्च तक स्थानीय लूणी नदी किनारे स्थित महावीर गौशाला में आयोजित होगा। जिसमें निःशक्तजनों कृत्रिम हाथ एवं कृत्रिम पैर माप लेकर लगाए जायेंगे। बांठिया ने बताया कि जरूरतमंद लोगों को शिविर में श्रवण यंत्र(कान की मशीन),व्हील चेयर, बैसाखी, कृत्रिम हाथ ,कृत्रिम पैर, वोकर,ट्राई साइकिल, हाथ छडी,का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। विशाल शिविर का शुभारंभ 2 मार्च को प्रातः 8 बजे बालोतरा क्षेत्र के साधु संतों के सानिध्य एवं अनेकों जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में होगा।भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं ट्रस्ट अध्यक्ष बांठिया ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर सर्वे कर नामों का चयन किया। बांठिया ने शिविर के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां का जायजा लिया। बाठिया ट्रस्ट के कार्यकर्ता शिविर के सफल आयोजन के लिए कमेटिया गठित कर सभी कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिविर प्रभारी ट्रस्टी बाबुलाल भन्साली, व्यवस्था प्रमुख चेलाराम घांची, अरिहंत चौपड़ा, रिषभ तातेड़,हार्दिक के नेतृत्व में महेश घाची,रुपाराम प्रजापत,सन्दीप चौपड़ा, मगराज कांकरिया,अशोक चौपड़ा, सजय सालेचा, पार्षद कांतिलाल हुण्डिया, राजू सालेचा,गर्वित बांठिया,हर्ष हुण्डिया, दीपेश अग्रवाल,जिनेश चोपड़ा, राजेश चंडक सहित भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के अंकित जैन, कृपाल सिंह, गजेन्द्र, प्रकाश चौधरी, आकाश पुरी,चेतन गिरी, भंवर कंवर,हुकमाराम, सरोज कंवर , सुमेरसिंह सहित सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### करोड़ों का मादक पदार्थ बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पूर्व एवं पश्चिम पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम की कड़ी में रात को तीन जगहों से करोड़ों का मादक पदार्थ बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। विवेक विहार पुलिस ने कंटेनर में भारी मात्रा में अफीम का दूध, करोड़ों का अवैध डोडा-पोस्त जब्त कर चालक को पकड़ा और अन्य आरोपियों को नामजद किया है। वहीं रातानाडा पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा है। जबकि देवनगर पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर 14 लाख रुपए भी बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों से पुलिस इनके स्त्रोत का पता लगा रही है। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव, डीसीपी वेस्ट राजेश यादव के सुपरविजन में टीमों को लगाया गया था।

### मतदान करने का संदेश दिया

**बालोतरा, (निसं)।** पचपदरा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान के तहत पंचायती राज एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों से पत्राचार करते समय मतदाता जागरुकता मोहर लगाकर मतदान करने के संदेश प्रसारण का आव्हान किया गया। पचपदरा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप नोडल अधिकारी प्रभु राम चौधरी, स्वीप सहयोगी डॉ. रामेश्वरी चौधरी के मार्गदर्शन में पंचायती राज एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर मतदाता जागरूकता अभियान में कार्यालय आदेश- निर्देश की पत्रावलियो पर मतदाता जागरूकता संदेश की मोहर लगाकर आवश्यक पत्राचार प्रेषित करने का आव्हान किया गया।

### धीरज माला अध्यक्ष बने

**जालोर, (कासं)।** भक्त प्रहलाद सेवा समिति जालोर की बैठक भेरू नाथ अखाडे में आयोजित हुई। बैठक में भैरुनाथ अखाड़े के महंत गंगानाथ महाराज के आशीर्वाद से प्रेमनाथ महाराज की उपस्थिति में समिति सदस्यों की सर्व सहमति से धीरज माली को अध्यक्ष व मंगलाराम साँखला की कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रेम नाथ महाराज ने नवनियुक्त पदाधिकारी को माला पहनकर आशीर्वाद दिया। नवमनोनित प्राधिकारियों को कहा कि आगामी गैर महोत्सव को भव्य रूप से किया जाये। जिसमें 36 काम के लोगों को साथ लेकर कार्यक्रम का आयोजन करें। इस दौरान सादुलाराम घांची,मकसा मेवाडा,गमनाराम माली,अंबालाल परिहार, देवाराम घांची,हरीश सोनी सहित कई समिति सदस्य उपस्थित थे।

### भारतीय किसान संघ की बैठक हुई

**रेवदर, (निसं)।** भारतीय किसान संघ जिला सिरोही जिला अध्यक्ष मावारामजी चौधरी एवं तहसील अध्यक्ष गणपतसिह देवडा की अध्यक्षता में तथा जिला मंत्री नाथुराम लोहार अनादरा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई।जिसमें किसानों की मांग पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में सरसों फसल को समर्थन मुल्य आधारित खरीद केन्द्र खोलकर तोलने बाबत् तथा किसानों को 1966 के माही बजाज बांध परियोजना को लेकर एक जल समझौता राजस्थान सरकार एवं गुजरात सरकार के बीच हुआ था।उसी समझौते के अनुसार राजस्थान के सिरोही, जालोर, पाली और बाडमेर के किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहर द्वारा दिया जावे।अन्यथा किसान राजस्थान सरकार के विरोध में सडकों पर उतरकर आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

### के.वी. बनाड़ में शिविर आयोजित

**जोधपुर, (कासं) ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में शुक्रवार को बालवाटिका के बच्चों के लिए मनोरंजनात्मक गतिविधि आधारित शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बताया कि विद्यालय की सबसे छोटी कक्षा बालवाटिका के विद्यार्थियों ने इस शिविर में खेलकूद, कला व संगीत की विभिन्न समन्वित मनोरंजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से हंसते-खेलते ज्ञानार्जन किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सहज और आनंददायक बनाने पर सतत बल दिया जाता है। शिविर में शिक्षक गिरींद्र तलगांवकर, केशव वरणोती व बद्री नारायण ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया

**बालोतरा, ( निसं)।**पश्चिम बंगाल के संदेश खेली में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला मंत्री खेताराम प्रजापत ने बताया कि आज बालोतरा में जिलाध्यक्ष बाबुसिंह राजगुरु के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व जिला महामंत्री अमराराम सुंदेशा ने ज्ञापन का पठन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मालाराम बावरी, सभापति सुमित्रा जैन, नगर अध्यक्ष कांतिलाल हुंडिया, जिला उपाध्यक्ष हितेश पटेल, बजरंग चौधरी, शंकर भाटी ,मुकेश गुप्ता, विमल मालवीय, भरत मोदी, गोविंदसिंह कालूड़ी, पार्षद हीरालाल गोयल, नगराज प्रजापत, हरीश सोलंकी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बिजली सब स्टेशनों का निरीक्षण

**जोधपुर, (का.सं.)।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने गुरुवार को मथानिया स्थित 132 केवी तथा रामपुरा, मथानिया के 33-11 केवी के सब स्टेशन का निरीक्षण किया और इनसे संबंधित जानकारी ली। प्रबंध निदेशक ने निरीक्षण के दौरान इन सबस्टेशंस की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को इन सब स्टेशनों के माध्यम से जोधपुर डिस्कॉम में आवश्यक सुधार की संभावनाओं के अनुरूप निर्धारित कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान अधीक्षण अभियंता (डिस्ट्रिक्ट) एवं टीए टू एमडी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**बालोतरा, (निसं)।** आमजन को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के म में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसोल का आकस्मिक निरीक्षण किया। मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, प्रयोगशाला, दवाई वितरण केंद्र, ऑपरेशन थियेटर, आपातकाल चिकित्सा का जायजा लिया। उन्होंने मेडिकल कचरे का उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सशक्त बूथ चुनाव की जीत का मूल मंत्र : श्रवण बोरली

**जालोर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी का प्रबुद्धजन सम्मेलन शुक्रवार को रामसीन स्थित विश्वकर्मा समाज धर्माशाला में आयोजित हुआ।

राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सरेन्द्रसिंह नागर, राज्यमंत्री एवं लोकसभा प्रभारी के.के. बिश्नोई, लोकसभा सह-प्रभारी एवं जिला प्रभारी महेन्द्र बोहरा, लोकसभा संयोजक एवं रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, सिरोही जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, जालोर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भीनमाल पूर्व विधायक पूराराम चौधरी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मेलन में जिले के प्रबुद्धजनों के साथ-साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे और आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की।

प्रबुद्धजन सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेन्द्रसिंह नागर ने बताया की पुरे देश में एक मंत्र गुंज रहा हैं, अबकी बार 400 पार। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, और जालोर सिरोही भी भाजपा मय होने वाली हैं। राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई ने बताया की देश में बुद्धिजीवियों की उपस्थिति, और उचित मार्गदर्शन के कारण आज समाज में व्याप्त कई बुराईयों का अंत हो रहा हैं। गरीब, किसान और महिलाओं का शोषण करने वाली कांग्रेस भी अन्य बुराईयों के समानन समाप्त होने जा रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष बोरली ने बताया कि सशक्त बुथ ही चुनाव की जीत का एकमात्र मंत्र हैं। पन्ना प्रमुख एवं सशक्त बुथ समिति के माध्यम से जिले के प्रत्येक घर तक भाजपा को पहुंचाने का काम किया जायेगा।

सम्मेलन में राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सरेन्द्रसिंह नागर, राज्यमंत्री एवं लोकसभा प्रभारी के.के. बिश्नोई, लोकसभा सह-प्रभारी एवं जिला प्रभारी महेन्द्र बोहरा, लोकसभा संयोजक एवं रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, सिरोही जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, जालोर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भीनमाल पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री भूपेन्द्र देवासी, भाजपा वरिष्ठ नेता मोडसिंह गोहिल, मंगलसिंह सिराणा, महेन्द्र पुरोहित तवाव, गेनाराम मेघवाल, नरपतसिंह अरणाय, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण, ठाकराराम मेघवाल, मेघराज चौधरी लेटा, रमेश सोनी, जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, हरिश राणावत, पुखराज राजपुरोहित, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लाभार्थी जनसंपर्क अभियान जारी

**जालोर, (कासं)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व जिलाध्यक्ष राव श्रवणसिंह बोरली मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर की ओरसे शुक्रवार को लाभार्थी जनसंपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया।

लाभार्थी जनसंपर्क अभियान मंडल संयोजक संजय बोराणा ने बताया कि भाजपा नगर मंडल द्वारा जनस लाभार्थी जनसंपर्क अभियान को लेकर मंडल कार्यशाला का आयोजन जिला करने में किया गया। कार्यक्रम कार्यशाला में मुख्य अतिथि के नाते नगर परिषद उपसभापति अंबालाल व्यास उपस्थित थे। वही अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर,रतन सुथार,जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित उपस्थित थे। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने लाभार्थी संपर्क अभियान में करणीय कार्यो की जानकारी दी गई। उपसभापति अम्बालाल व्यास ने कहा कि हम सबको मिलकर इस अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता निभानी है। नगर महामंत्री दिनेश महावर ने कहा कि हमे सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर अपनी सक्रियता दिखानी होगी। मंडल संयोजक संजय बोराणा ने कहा कि हम सब मिलकर जनता की आवाज बने व उनको आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में सहयोग करने का निवेदन करे।

इस दौरान नगर उपाध्यक्ष रवि सोलंकी, मेथी देवी,घनस्याम देवासी,भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेडिया, शक्ति केंद्र संयोजक अर्जुन सिंह पवार,बुथ अध्यक्ष पार्षद दिनेश बारोट, हीराराम देवासी,ममता माली,भवरसिंह भाटी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कॉलेज मामले में केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मगनीराम बांगड़ मेमोरियल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का एक प्रोफेसर लड़कियों के कपड़ों को लेकर गंदे-गंदे कमेंट करता था। रात में लॉन्ग ड्राइव-शराब पार्टी में चलने के लिए मैसेज भी करता था। उसकी बातों को नहीं मानने वालों को धमकाता भी था। कहता था कि तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे। छात्राओं से छेड़खानी को लेकर बनी कमेटी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। छात्राओं की ओर से प्रोफेसर पर छेड़खानी और यौन शोषण के आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों को कमेटी ने सही माना था। विवि छात्र- छात्राओं की तरफ से इस बारे में रातानाडा थाने में गत दिनों लिखित में परिवाद दिया गया था। इस पर अब प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच एसआई भंवरसिंह की तरफ से की जा रही है।

कुलपति अजय कुमार शर्मा ने कमेटी की ओर से दी रिपोर्ट को लेकर कहा कि सभी आरोप सत्य पाए गए हैं। छात्राओं की शिकायत में सत्यता है। आरोपी प्रोफेसर को पिछले शुक्रवार को ही सस्पेंड कर दिया गया था। गत 21 फरवरी को एक गुमनाम शिकायती लेटर मिलने के बाद मामले की जांच प्रोफेसर जयश्री वाजपेयी की अध्यक्षता में बनी लैंगिक उत्पीड़न कमेटी को सौंपी गई। इसमें 8 प्रोफेसर को शामिल किया गया। तीन दिन में आई अंतरिम रिपोर्ट में प्रोफेसर पर आरोप सही माने गए। छात्रों के बयान और जांच रिपोर्ट में सामने आया कि प्रोफेसर क्लास के अंदर और बाहर आते-जाते लड़कियों पर बुरी नजर रखता था।

इस दौरान वह उनके कपड़ों पर भी कमेंट करता था। इतना ही नहीं स्टूडेंट ने बैड टच का आरोप लगाया था। कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट में सामने आया कि प्रोफेसर उन्हें गलत तरीके से टच करने के साथ ही हाथ पकड़ लेता था। कई बार बैड टच कर टॉर्चर करता था। सामने आया कि प्रोफेसर रात के समय घर या होटल पर शराब पार्टी करने के लिए बुलाता था। लड़कियों को यह भी कहता था कि मैंने तुम्हें पूरी छूट दे रखी है आप जो मर्जी कर लो।

जो लड़कियां उनकी बात मानती थी उन्हें प्रोजेक्ट नहीं जमा करवाने की भी छूट दे देता था। बात नहीं मानने वाले लड़कियों को टॉर्चर करता था।

प्रोफेसर लड़कियों पर इतना दबाव बना चुका था कि जैसा वह कहता था, लड़कियां वैसा करती थी। कमेटी को एक लेटर भी मिला।

## चांदावत ने निरीक्षण किया

**बालोतरा, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने शुक्रवार को नगर परिषद का औचक निरीक्षण किया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने उपस्थिति पंजिका, कार्यालय भवन का निरीक्षण कर संस्थापन प्रभारी को प्रतिदिन समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में समय उपस्थिति देने हेतु पाबंद करने के निर्देश प्रदान किये गये।

उन्होंने नगर परिषद के सफाई निरीक्षकों को नगर परिषद कार्यालय के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था को 7 दिवस में सुव्यवस्थित करने व नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर चांदावत ने सहायक अभियन्ता को जोधपुर रोड डिवाईडरों के मध्य पौधों को अविलम्ब लगाने, पार्कों के रखरखाव व निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# पूजा पार्थ को स्कूल शिक्षा परिवार ने समस्याएं बताई

**जालोर, (कासं)।** स्कूल शिक्षा परिवार जालोर ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर पूजा पार्थ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौपकर बताया कि सत्र 2022-2023 व सत्र 2023-24 की आरटीआई पुनर्भरण राष्शि का भुगतान अभी तक नही हुआ है। जबकि सत्र 2023-24 पूरा होने वाला है। जिसके अभाव में गैर सरकारी विद्यालयो की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। इसलिए आरटीआई पुर्नभरण राशि का भुगतान जल्दी करवाया जाये। वही पोर्टल रख रखाव शुल्क के नाम पर प्रतिवर्ष एक हजार की कटौती बंद की जाये, गैर सरकारी विद्यालयो के विद्यार्थियों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। जो कतई उचित नही है। गैर सरकारी विद्यालयो के बच्चो को सरकारी की विभिन्न योजना जैसे छात्रवृति, लैपटॉप योजना, राजश्री योजना सहित कई सरकारी योजना का लाभ नही दिया जाता है। बाल वाहिनीयो की फिटनेस का करवाने का कार्य एनजीओ की बजाय जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से ही किया जायें, वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं के जांच कार्य में परीक्षकों द्वारा औपचारिकता करते हुए भंयकर लापरवाही की गई थी।, ऐसा दुबारा इस वर्ष ना हो इसके लिए पाबंद किया जाये। बोर्ड परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी विद्यार्थियो को एक साथ बैठाने के साथ गैर सरकारी विद्यालय के प्रतिनिधियों को सहायक समन्वयक लगाया जाये। निजी विद्यालयो में आरटीआई भौतिक सत्यापन की पुष्टि विभाग द्वारा की जाये। इसके अलावा सीएम पोर्टल पर शिक्षा विभागीय सौ दिवसीय कार्य योजना के कुल 37 बिन्दुओं को शामिल नही है, उसे निरस्त किया जाये सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# आसाराम की याचिका पर विचार से इंकार

**जोधपुर, (कासं)।** पोक्सो मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है। आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक लगाने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सेहत के आधार पर सजा पर रोक लगाने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम के वकील से कहा कि महाराष्ट्र के आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज की मांग राजस्थान हाईकोर्ट के सामने रखें। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की आपराधिक विविध याचिका को 9 फरवरी को खारिज कर दिया था।

आसाराम अपना इलाज महाराष्ट्र के आयुर्वेदिक अस्पताल से करवाना चाहता है। इसके लिए उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने आसाराम की जमानत नामंजूर कर दी थी। हाईकोर्ट ने आसाराम को एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में इलाज कराने की परमिशन दी, लेकिन आसाराम आयुर्वेद इलाज के लिए ही अड़ा रहा। हाईकोर्ट के जस्टिस विनीत कुमार माथुर और दिनेश मेहता की बेंच ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी।

नौ जनवरी को आसाराम की तबीयत बिगड़ने के बाद जोधपुर एम्स में भर्ती करवाया गया था।

25 दिन इलाज के बाद छुट्टी दी गई। इसके बाद जोधपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था।

वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस याचिका पर हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। यह पहली बार नहीं है, जब आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से निराशा हाथ लगी है। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट से उसको राहत नहीं मिली।

## आई.टी. एक्ट में दो जने गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की भगत की कोठी पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के एक प्रकरण में दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। थानाधिकारी छतर सिंह ने बताया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी का केस गत साल दर्ज हुआ था। सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित सामग्री ऑनलाइन डाली गई थी। इस प्रकरण में नामजद दो आरोपियों भगत की कोठी गंदा नाला के पास गांधी कॉलोनी निवासी जयसिंह और रामेश्वरनगर डी सेक्टर निवासी भरत चौधरी को गिरफ्तार किया गया।

## सार-समाचार

### जोगाराम पटेल ने जनसुनवाई की

**जोधपुर, (कासं) ।** संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल दो दिन के दौरे पर जोधपुर पहुंचें। मंत्री जयपुर से सुबह जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचें। इसके बाद सर्किट हाउस जाकर जनसुनवाई की। पटेल ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान कर आवश्यक राहत प्रदान करने के निर्देश दिए । पटेल शनिवार को लूणी विधानसभा क्षेत्र के अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इससे पहले सुबह रा. उ.मा. वि.सांगरिया फाटा राम मोहल्ला में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय पाल में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम व लूणी विधानसभा क्षेत्र के अनेक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पटेल शनिवार 2 मार्च को प्रातः 9 से 10:30 बजे तक सर्किट हाऊस में जनसुनवाई करेंगे, 11 बजे मंडोर पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक में भाग लेंगे।12:50 बजे कुड़ी भगतासनी राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय पाल रोड के विकास कार्यों का उद्घाटन , दोपहर 1:30 राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 7 कुड़ी भगतासनी में विकास कार्यों का उद्घाटन व सांय 4 बजे लूणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### अस्पताल के कार्यों पर चर्चा की

**जालोर, (कासं)।** सामान्य चिकित्सालय जालोर की राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक जिला कलक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की गत बैठक में अनुमोदित कार्य प्रस्तावों की प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सामान्य चिकित्सालय जालोर में आर.ओ.वॉटर मशीन के रख-रखाव, छत की मरम्मत, फर्श टाईल्स संबंधी कार्य, टीन शेड लगवाने, कचरा पात्र व ट्रोली की व्यवस्था को लेकर प्रगतिरत कार्यों की प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से विस्तार से जानकारी ली गई। बैठक में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ सामान्य चिकित्सालय जालोर के परिसर में सीसीटीवी कैमरों के रख-रखाव तथा नवीन कैमरों के इंस्टॉलेशन कार्य को नियत समय पर पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक भवन विस्तार, सीवरेज लाईन वर्क करवाने, रंग-रोगन तथा मरम्मत की आवश्यकता वाले कार्यों, नर्सिंग स्टूडेंट के लिए परिवहन व्यवस्था, नैत्र जांच के लिए आवश्यक सुविधाओं सहित विभिन्न नवीन प्रस्तावों को लेकर समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम टांक सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### शीतल जल की प्याऊ का निर्माण कराया

**गुडामालानी , (निसं)।** गुडामालानी पंचायत समिति के निकटतम ग्राम गोलियां गर्वा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय में शीतल जल की प्याऊ का निर्माण किया। विद्यालय के हनुमानराम ने बताया कि गर्मी के मौसम एवं जल ही जीवन का आधार है। इस दिशा में कदम बढाते हुए रा. उ. मा. वि. गोलिया गर्वा में भामाशाह और पूर्व अध्यापक रुगुनाथराम खिलेरी ने 90 हजार की लागत से शीतल जल की प्याऊ का निर्माण करवाया है । गोरधन खिलेरी द्वारा वाटर कूलर की भी घोषणा की गई हैं विद्यालय परिवार की तरफ से भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य खेमराज जी ने बताया कि अब गोलिया के लोग बहुत जागरुक हो चुके हैं ।

### सिन्धी अकादमी की गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर स्थित अकादमी संकुल में राज्य स्तरीय मासिक अदबी गोष्ठी के अवसर पर रंगकर्मी एवं साहित्यकार हरीश देवनानी ने 'राजनीति/राजनीतिज्ञनि जो सिन्धियत ते असरू' विषय पर आपकी बात रखते हुए कहा कि सिन्धियत पर राजनीति का गहरा प्रभाव रहा है। अकादमियों में कलाकारों एवं साहित्यकारों की बजाय राजनीतिज्ञ लोगों को अध्यक्ष तथा सदस्य बनाया जाता है जिससे सिन्धियत के विकास पर बाधा पहुंचती है।





JOIN INDIAN NAVY

Online applications are invited from **unmarried men & women candidates,** to join as **Short Service Commission Officer**

(Course commencing **January 2025** onwards at Indian Naval Academy, Ezhimala, Kerala)

| Branch/Cadre | Vacancies* | Gender |
|---|---|---|
| General Service [GS (X)] | 50 | Men and Women {maximum of 15 vacancies for women} |
| Pilot | 20 | Men and Women (maximum of 06 vacancies for women) |
| Naval Air Operations Officer(NAOO) | 18 | Men and Women (maximum of 05 vacancies for women) |
| Air Traffic Controller(ATC) | 08 | Men and Women |
| Logistics | 30 | Men and Women (maximum of 09 vacancies for women) |
| Naval Armament Inspectorate Cadre(NAIC) | 10 | Men and Women |
| Education | 18 | Men and Women |
| Engineering (General Service) | 30 | Men and Women (maximum of 09 vacancies for women) |
| Electrical (General Service) | 50 | Men and Women (maximum of 15 vacancies for women) |
| Naval Constructor | 20 | Men and Women |

* These vacancies are tentative and may be changed depending on availability of training slots.

cbc 10701/13/0033/2324

LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION IS 10 MARCH 2024

For eligibility criteria and specific details for the batch, visit www.joinindiannavy.gov.in and

EMPLOYMENT NEWS DATED 24 FEBRUARY 2024

Scan this QR Code to apply online

